>

Title: Need to declare road between Maheshkhunt to Sultanganj in Bihar as a National Highway.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): बिहार राज्य के एन0एच0 107 एवं एन0एच0- 31 के जंक्शन महेशखूंट से सुल्तानगंज एन0एच0 80 (मुंगेर-भागलपुर) संपर्क पथ कुल लंबाई- 30 कि0मी0 पथ निर्माण विभाग की सड़क काफी महत्वपूर्ण है। यह दो जिलों खगड़िया एवं भागलपुर को जोड़ने वाले दो राष्ट्रीय राजमार्गों का संपर्क पथ है। बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग के सचिव ने अपने पत्रांक एन0एच0-31/बी.टी.-9/2002/14086 (एस) पटना, दिनांक 22/12/11 द्वारा महानिदेशक (पथ विकास) सह अपर सचिव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली को उक्त पथ को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का अनुरोध किया है। उक्त पथ को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर निर्माण कराने से उत्तर बिहार के कई जिला-खगड़िया, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल एवं अररिया जिला के लोगों को दक्षिण बिहार के भागलपुर, बांका के साथ-साथ झारखंड आने-जाने के लिए सीधा सड़क संपर्क उपलब्ध हो जायेगा।

अतः एन.एच.-107 एवं एन.एच. - 31 के जंक्शन महेशखूंट से सुल्तानगंज, एन.एच-80 (मुंगेर-भागलपुर) संपर्क पथ कुल लंबाई 30 किलोमीटर पथ को जनहित में राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाये।